BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... HARI BHOOMI ....

Date ..02/04/2025...... Page ......11...... Column ......02......

Subject ..... बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय मे भारतीय ज्ञान परम्परा पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन 4 से

बाबा मस्तनाथ विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन 4 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आगामी 4-5 अप्रैल को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश, आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय, पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय भारतीय ज्ञान परंपराः गौरवशाली इतिहास से उज्ज्वल भविष्य की ओर निर्धारित किया गया है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. दीपक यादव ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा अपने प्राचीन और समृद्ध इतिहास के लिए जानी जाती है, जिसने धार्मिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक और कलात्मक क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इसकी जड़ें वेद, उपनिषद, शास्त्र, पुराण तथा अन्य शास्त्रीय ग्रंथों में निहित हैं, जो न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि जीवन के विविध पहलुओं को समझाने में भी सहायक हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद, और शोधकर्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में शिक्षकों और शोधार्थियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा। सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने वाले चुनिंदा शोध पत्रों के आधार पर छह शोध पुस्तकें भी प्रकाशित की जाएंगी।